## कलेक्टर श्री नारायन ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# नरवाई जलाने की घटना होने पर दंडात्मक कार्यवाही करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा श्री सी.पी.राय, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी.राजौदिया, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, जनआकांक्षा, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### सीएम हेल्पलाइन में संतुष्टि प्रतिशत और बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, राजस्व, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी बड़े विभागों को शिकायतों के निराकरण में अभी से विशेष ध्यान देते हुए संतुष्टि प्रतिशत और बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही मार्च माह में 18 शिकायतें नॉट अटेंडेड पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई एवं संबंधित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन अधिकारियों द्वारा बार-बार यह पुनरावृत्ति की जा रही है, उनका एक इंक्रीमेंट रोकने की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों के लिए भी संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

### साधना सप्ताह के दौरान अनिवार्य रूप से लें 10 कोर्सेस के प्रशिक्षण

कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 से 8 अप्रैल 2026 तक साधना सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सभी शासकीय सेवकों को 10 कोर्सेस का ऑनलाइन प्रशिक्षण और सर्टिफिकेट आईगॉट (iGot) पोर्टल के माध्यम से करना अनिवार्य है। सभी अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्टिफिकेट भेजना और गूगल शीट अपडेट करना सुनिश्चित करें।

### नरवाई जलाने पर एसडीएम कड़ी दंडात्मक कार्यवाही करें

कलेक्टर श्री नारायन ने नरवाई प्रबंधन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी नरवाई जलाने की घटना संज्ञान में आती है, तो संबंधित एसडीएम और नरवाई प्रबंधन के लिए बनी विभिन्न स्तर की समितियां इसे गंभीरता से लें एवं दंडात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में जानकारी दी गई कि नरवाई जलाने पर जिले में 04 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जिले में गेहूं कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है तथा गेहूं की कटाई के बाद खेत में बचे हुए डंठल (नरवाई) का प्रबंधन उचित रूप से करने के संबंध में कृषि विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नरवाई जलाने से खेत में मित्र कीट नष्ट होते हैं और खेतों की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। उप संचालक कृषि श्री सिंह ने जानकारी दी कि जिले मे अभी तक कुल 85 घटनायें सेटेलाईट द्वारा प्राप्त हुई हैं, जो विगत वर्ष इस अवधि तक की 251 घटनाओं की तुलना में अत्यंत अल्प हैं। कुल 85 घटनाओं मे से 77 घटनाए जंगल में महुआ बीने जाने के कारण आग लगाने की पाई गई हैं। अभी तक नरवाई जलाने पर विकासखंड अमरवाडा में 02, चौरई में 01 तथा बिछुआ में 01 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है तथा विकासखंड बिछुआ एवं छिंदवाडा में 1-1 किसान पर जुर्माना किया गया है। शेष 02 नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन प्राप्त होना शेष है।

### जर्जर भवनों को सुरक्षित तरीके से करें डिस्मेंटल

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जिले की कोई भी शासकीय संस्था जर्जर भवन में संचालित नहीं होनी चाहिए, सभी विभाग प्रमुख निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें और इस संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। निर्माण कार्यों के दौरान भी यह सुनिश्चित करें कि आस-पास कोई कमजोर भवन तो नहीं है, जो इससे प्रभावित हो सकता है। साथ ही जर्जर भवनों को प्रक्रिया का पालन करते हुए डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि डिस्मेंटल का कार्य सुरक्षा के आवश्यक उपाय अपनाते हुए पूरी तरह सुरक्षित ढंग से ही किया जाए। पब्लिक सेफ्टी जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, पब्लिक सेफ्टी से किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ई-विकास प्रणाली से ही हो खाद का वितरण

कलेक्टर श्री नारायन ने जिला प्रबंधक मार्कफेड को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में खाद का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित कराया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप यह कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए। किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा ऑफलाइन खाद का वितरण किया जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार ई-प्रणाली से खाद वितरण कार्य का औचक सत्यापन जिला कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी किया जाएगा। उन्होंने उप संचालक कृषि को इस संबंध में अद्यतन प्रक्रिया के संबंध में पुनः प्रशिक्षण का आयोजन कराने के भी निर्देश दिए।

## कलेक्ट्रेट परिसर में ही लटक रहे हैं मौत के छत्ते

# मधुमक्खी के छत्तों के नीचे जिंदगी, भारी पड़ सकती है प्रशासन की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

शहर के व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्तों की मौजूदगी अब आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। हाल ही में सामने आई जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय परिसर और जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी मधुमक्खियों ने अपने छत्ते बना रखे हैं। इन स्थानों पर रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मधुमक्खियों के छत्तों के पास यदि किसी प्रकार की हलचल या छेड़छाड़ होती है तो वे अचानक आक्रामक हो सकती हैं, जिससे जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। अस्पताल जैसे स्थानों पर यह खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि यहां पहले से ही बीमार और कमजोर मरीज मौजूद रहते हैं।

हाल ही में एक घटना ने इस खतरे को और भी गंभीरता से उजागर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक युवक पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। खुद को बचाने के लिए युवक ने पूरी तरह से अपने शरीर को ढक लिया और काफी देर तक वहीं बैठा रहा। इस दौरान आसपास मौजूद लोग मदद करने के बजाय दूरी बनाकर तमाशा देखते रहे। युवक की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई और वह लंबे समय तक दर्द और घबराहट में वहीं तड़पता रहा।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस सेवा को कई बार फोन किया, लेकिन मदद समय पर नहीं पहुंच सकी। करीब 40 मिनट की देरी के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची, तब जाकर युवक को अस्पताल ले जाया गया। इस देरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इस तरह के छत्तों का होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। लोगों ने मांग की है कि इन छत्तों को तत्काल सुरक्षित तरीके से हटाया जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

इसके साथ ही नागरिकों ने एंबुलेंस सेवा की जवाबदेही तय करने की भी मांग की है, ताकि आपात स्थिति में समय पर सहायता उपलब्ध हो सके। यदि प्रशासन ने जल्द ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में इससे भी गंभीर घटनाएं सामने आ सकती हैं।

# वेज थाली में परोसा नॉनवेज, ढाबे पर प्रशासन का प्रहार, होटल हुआ सील, लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आस्था और विश्वास के साथ खिलवाड़ करने वाले होटल संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। पांढुर्णा-नागपुर हाईवे पर स्थित एक जानेमाने ढाबे में शाकाहारी थाली में मटन की हड्डी मिलने की सनसनीखेज घटना के बाद, खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ढाबे को सील करते हुए होटल के खाद्य लाइसेंस को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है।

**क्या है पूरा मामला ? :** मिली जानकारी के अनुसार, कल रात मोरडोंगरी और सिवनी के बीच स्थित एक ढाबे पर पांच मित्र भोजन करने रुके थे। उन्होंने शुद्ध शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था। जब भोजन परोसा गया, तो आलू की सब्जी खाते समय एक युवक के होश उड़ गए; सब्जी की कटोरी में मटन की हड्डी तैर रही थी। शाकाहारी थाली में मांसाहार मिलने से गुस्साए ग्राहकों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और होटल प्रबंधन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

### पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हंगामे की सूचना मिलते ही पांढुर्णा पुलिस सक्रिय हुई। थाना प्रभारी अमित दानी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग को भेजी। सोमवार को खाद्य अधिकारी रूपसिंह सनोडिया के नेतृत्व में छिंदवाड़ा से आई टीम ने ढाबे पर छापा मारा।

### इनका कहना है

"उपभोक्ताओं की शिकायत पर ढाबे का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए है। स्वच्छता और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए आगामी आदेश तक होटल का लाइसेंस निलंबित कर उसे सील कर दिया गया है।

रूपसिंह सनोडिया, खाद्य अधिकारी

# कार्यशाला के माध्यम से दिया स्वच्छता व्यवस्था पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत नगर निगम द्वारा आज समस्त कचरा वाहन चालकों एवं हेल्पर्स के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना तथा मैदानी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना रहा।

कार्यशाला के दौरान अधिकारियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान से नियमित रूप से कचरा संग्रहण सुनिश्चित करें और नागरिकों को स्रोत स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने के लिए प्रेरित करें।

इसके साथ ही सभी वाहन चालकों एवं हेल्पर्स को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) जैसे जैकेट, ग्लव्स, मास्क एवं शूज का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए गए, ताकि कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फील्ड स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में सुधार, स्वच्छता मानकों के पालन तथा नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

## सौंसर माहेश्वरी समाज की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठनःकिशोर सावल बने अध्यक्ष

**सौंसर।** स्थानीय रघुनाथधाम राम मंदिर परिसर मे सौसर माहेश्वरी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव अधिकारी संजय राठी की गरिमामयी उपस्थिति में समाज की आगामी कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।समाज के सभी सदस्यों ने आपसी सामंजस्य और एकता का परिचय देते हुए नई टीम का निर्विरोध चयन किया। निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव अधिकारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई जिसमे अध्यक्ष किशोर सावल,उपाध्यक्ष पंकज मान्धु,सचिव मनोज कुलधरिया,सह-सचिव निहाल भूतड़ा,राहुल राठी,कोषाध्यक्ष राहुल राठी, का समावेश है। समाज को सुदृढ़ बनाने और सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमेंअमित बागाणी, निवेश राठी, प्रवीण (गुड्डू) जेठा,पंकज भट्टड़, गोपाल चांडक,उमेश राठी, पुनीत डागा,धीरज चांडक, संदीप बागाणी,राजेंद्र सारडा आदि का समावेश है।

### भावपूर्ण श्रद्धांजली का आयोजन



**दमुआ।** विगत दिनों क्षेत्र के समाजसेवाी, परोपकारी, प्रतिभावन, सेवाभाव, कुशल व्यवहार के धनी हम सबके दिलो मे बसने वाले लायंस सेवा समिति दमुआ के संचाल रहे स्व. रविशंकर साहू की भावर्पूण श्रद्धाजली का कार्यक्रम गरीब भोज परिसर बेरियर कॉलरी आफिस के पास दमुआ में मंगलवार को सुबह 10 बजे रखा गया है। समस्त जनों से विनम्र निवेदन है कि दिव्यंगत आत्मा के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धाजली श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

## भाजपा स्थापना दिवस पर नवीन जिला कार्यालय का भूमिपूजन



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला उत्साह और गौरव के साथ प्रारंभ हुई। प्रातः बूथ अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया, जिसके पश्चात सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क गतिविधियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसी क्रम में जिले में नवीन जिला कार्यालय के भूमि पूजन का भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन कर कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा के आधार स्तंभ लोकतंत्र सेनानी ईश्वरी प्रसाद चौरसिया, रमेश पोफली, राजेंद्र कुमार राय, मधुकर पोफली, अशोक पोफली एवं दीनदयाल मोहने की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों का भाजपा नेताओं द्वारा दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

# 2003 से त्याग दिया है चप्पल पहनना: भागवत आचार्य मुन्ना महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



श्रद्धा और भक्ति जब पराकाष्ठा पर होती है, तो शरीर को होने वाले कष्ट भी गौण हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखा रहे हैं नागपुर निवासी श्री मनोज भलावी, जिनकी अनूठी और कठिन साधना इन दिनों समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

अपनी मनोकामना और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास के चलते भलावी जी लोहे के नुकीले कीलों से बनी पट्टी पर लोटागण (लेटकर यात्रा) करते हुए श्रीक्षेत्र अर्धनारीश्वर मंदिर (मोहगांव) की ओर बढ़ रहे हैं। सौसर क्षेत्र में आगमन पर भागवत आचार्य मुन्ना जी महाराज के द्वारा बागोड़ा में मनोज भलावी से मुलाकात करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया साथ ही उन्होंने यात्रा के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया है। वही बजाज जोड़ पर विधायक विजय चौरे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में उपस्थित होकर मनोज भलावी का स्वागत सत्कार किया हैंसोमवार को मनोज भलावी निवासी पार्वती नगर नागपुर की यह कठिन साधना यात्रा प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर, जामसावली पहुँची। इस दौरान बजाज जोड़ पर विधायक चौरे ने उनकी इस कठिन तपस्या को नमन करते हुए कहा कि ऐसी अटूट श्रद्धा ही भारतीय संस्कृति और भक्ति मार्ग की शक्ति है। नागपुर से जामसावली ओर मोहगांव (अर्धनारीश्वर मंदिर) तक की यह यात्रा देखने वालों के रोंगटे खड़े कर देने वाली है। नुकीले कीलों पर लेटकर यात्रा करना शारीरिक रूप से अत्यंत कष्टकारी है,लेकिन भलावी जी के चेहरे पर थकान के बजाय आनंद और भक्ति का भाव स्पष्ट दिखाई देता है। भक्तों का मानना है कि उनकी शिव और हनुमान के प्रति अगाध श्रद्धा ही उन्हें यह शक्ति प्रदान कर रही है। इस स्वागत अवसर पर विधायक विजय चौरे के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील भांगे, जनार्दन टापरे प्रशांत महाले आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

# ओलावृष्टि से भारी तबाही-बेहाल किसानों को तत्काल मुआवजा दे सरकार : सुनील

**चावलपानी एवं झिरपा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में फसलों के नुकसान का जायजा लेने पहुंचे विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के तामिया ब्लॉक अंतर्गत चावलपानी क्षेत्र में हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

क्षेत्र में हुई इस प्राकृतिक आपदा की सूचना मिलते ही विधायक सुनील उईके तत्काल प्रभावित गांवों में पहुंचे और पीड़ित किसानों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। खेतों में बर्बाद पड़ी फसल को देखकर विधायक उईके भावुक हो उठे और उन्होंने इसे "किसानों पर दोहरी मार" बताया।

विधायक श्रीउईके ने कहा कि "किसानों ने कड़ी मेहनत और कर्ज लेकर फसल तैयार की थी, लेकिन ओलावृष्टि ने उनकी पूरी उम्मीदों को तोड़ दिया है। प्रदेश सरकार को तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए।" उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की कि बिना किसी देरी के राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाए और किसानों को राहत राशि शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

इस दौरान विधायक सुनील उईके ने चावलपानी क्षेत्र के ग्राम झिरपा, मानेगांव, चावलपानी, माहुलिझीर, जमुनिया, खुनिया, अनहोनी, बंधीढाना , कोहपानी, टापरवानी सहित कई गांवों का दौरा किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक विनोद निरापुरे, तामिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, चावलपानी उप ब्लॉक अध्यक्ष उमरावशा उईके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक श्री उईके ने प्रदेश सरकार पर किसानों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हर बार प्राकृतिक आपदा के समय सरकार केवल घोषणाएं करती है।

## तारण बंधुओं ने किया वेदी सूतन - मनाया तिलक महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा की आध्यात्म नगरी उभेगांव में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के साथ सवाई सेठ परिवार द्वारा श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय के निमित्त तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा रत्नत्रय महोत्सव का भव्य आयोजन किया। जिनके मंगल आमंत्रण पर पूरे देश से पधारे त्यागी व्रती साधकों, ब्रह्मचारी भाई बहनों, प्रतिष्ठाचार्य जनों, विद्वतगणों, श्रेष्ठिजनों सहित हजारों तारण तरण गुरुभक्तों ने तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव में हिस्सा लेकर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र की मंगल आराधना के साथ वेदी सूतन कर आनंद उत्सव में हिस्सा लिया।

## पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि अवैध गतिविधियों की सूचना दें

# अवैध कोयला परिवहन पर कार्रवाई, दमुआ पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत दमुआ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए अवैध कोयले से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम के सानिध्य में की गई, जिसमें थाना मुंशी रविशंकर की अहम भूमिका रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 15 स्थित अमरजीत ढाबा के पास से कोल डस्ट (कोयले की धूल) का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर उसकी जांच की। जांच के दौरान वाहन में अवैध रूप से कोयला लदा पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर लाया।इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में भय का माहौल बन गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कोयला, रेत और लोहे का कारोबार सक्रिय है, जिस पर समय-समय पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इसके बावजूद यह धंधा पूरी तरह बंद नहीं हो पाया है।सूत्रों के अनुसार, जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली क्षेत्र के कथित रूप से कुख्यात रेत, लोहा और कोयला कारोबारी विवेक उर्फ "कौआ" की बताई जा रही है।

हालांकि, इस संबंध में पुलिस द्वारा अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और मामले की जांच जारी है।गौरतलब है कि इससे पूर्व भी उक्त व्यक्ति से जुड़े दो ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें से एक ट्रैक्टर दमुआ थाना परिसर में तथा दूसरा वन विभाग परिसर में पिछले कई महीनों से खड़ा है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन लगातार ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है।

इस पूरे प्रकरण में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## शहर के बीच काम करने से कतरा रहा स्टाफ

# तैयार दफ्तर छोड़ शहर के बाहर से संचालित हो रहा जनजातीय विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शासन-प्रशासन जब नई व्यवस्थाएं बनाता है, तो उसका उद्देश्य आम जनता को सुविधा पहुँचाना होता है। लेकिन पांढुर्णा के जनजातीय कार्य विभाग में कहानी कुछ उलटी ही नजर आ रही है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की पहल पर शहर के बीचों-बीच कार्यालय बनकर तैयार है, लेकिन साहब और उनका स्टाफ शहर से दूर एक हॉस्टल के एकांत में विभाग का संचालन कर रहे है।




### नया कार्यालय, रेडी टू शिफ्ट मोड में

बस स्टैंड के पीछे स्थित लाल बहादुर माध्यमिक शाला के पुराने भवन के कुछ कक्ष जनजातीय कार्य विभाग के लिए आवंटित किए गए है। कलेक्टर के निर्देश पर इस नए कार्यालय का कायाकल्प किया गया, रंग-रोगन हुआ और जरूरत फर्नीचर भी लगा दिया गया। करीब 20-25 दिन पहले ही यह ऑफिस पूरी तरह 'रेडी टू शिफ्ट' मोड में आ चुका है, बावजूद इसके विभाग का वहां न जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

### हॉस्टल से संचालन, ड्यूटी का डर या मनमर्जी का खेल?

वर्तमान में विभाग के संयोजक छमेश कुमार सातनकर और अन्य तीन कर्मचारी शहर से 3 किमी दूर मोरडोंगरी बायपास के पास स्थित एक हॉस्टल से कामकाज निपटा रहे हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि, शहर के मुख्य हिस्से और अन्य शासकीय कार्यालयों के पास बैठने से कर्मचारियों को 'फुल टाइम' ड्यूटी देनी पड़ेगी। वरिष्ठ अधिकारियों की नजरों से दूर रहने और अपनी मर्जी से आने-जाने की सुविधा के कारण ही शायद स्टाफ इस नए सजे-धजे दफ्तर में आने को तैयार नहीं है।

### 6-7 कर्मचारियों ने नहीं दी ज्वाइनिंग

मध्य प्रदेश शासन ने करीब ढाई महीने पहले पांढुर्णा जिले के लिए 10 कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। स्थिति यह है कि संयोजक उमेश कुमार सातनकर, नीरज बागडे, पराते मैडम और मधुकर इवनाती ने ही अब तक ज्वाइनिंग दी है। शेष 6 से 7 कर्मचारियों का दो महीने बीत जाने के बाद भी अता-पता नहीं है।

### बड़ा सवाल, कब सुधरेगी व्यवस्था ?

जनजातीय कार्य विभाग का काम सीधे तौर पर पिछड़े और जरूरतमंद वर्ग से जुड़ा होता है। ऐसे में कार्यालय का शहर से दूर होना आम जनता की पहुंच से बाहर है। सवाल उठता है कि अनुपस्थित स्टाफ का फॉलोअप कौन लेगा ? तैयार दफ्तर में शिफ्टिंग के लिए प्रशासन सख्ती क्यों नहीं दिखा रहा ? यह बेहद जरूरी है कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में हस्तक्षेप करें, ताकि शासकीय राशि से तैयार हुआ कार्यालय सार्थक हो सके और आम जनता को परेशान न होना पड़े।

### आलोक महिला फाउंडेशन का जिला स्थिरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**चौरई।** आलोक फाउंडेशन महिला इकाई ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चौरई में करवाया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा की गई। यह फाउंडेशन वंचित महिलाओं की सहायता के लिए भी कार्य करता है। इस प्रकार के आयोजन से समाज में महिलाओं की भूमिका को और भी मजबूत बनाया जा सकता है।आलोक फाउंडेशन (**Aalok Foundation**) वंचित महिलाओं, विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किया गया है ये कार्यक्रम व्यावसायिक प्रशिक्षण (सिलाई, ब्यूटीशियन), कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित हैं, ताकि महिलाओं कोआगेलेकर समाज में पुरुष वर्ग के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सभी महुलाये चले रोजगार के अवसर मिल सकें।मुख्य कार्यक्रम और गतिविधियाँ:कौशल विकास प्रशिक्षण: सिलाई, टेलरिंग, और ब्यूटीशियन जैसे आय सृजन वाले कार्यों में प्रशिक्षण पर चर्चा हो सके है।महिला साक्षरता अभियान: विशेष रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए साक्षरता कार्यक्रम।एसएचजी (**SHG**) निर्माण: महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 50 से अधिक स्वयं सहायता समूह (**Self Help Groups**) बनाए गए हैं।स्वास्थ्य और शिक्षा: जरूरतमंद बच्चों को किताबें, यूनिफॉर्म और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना।सांस्कृतिक और विशेष कार्यक्रम:कार्यक्रम में सांस्कृतिक छटा भी देखने को मिली। जिसमे मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके साथ ही नित्य सुंदरम और अन्य शिष्यों ने अपनी नृत्य कला से समारोह में चार चांद लगा दिए।




# मार्केट एरिया में नगर पालिका का पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान

## 15 दुकानों पर कार्रवाई, पचास-पचास रूपए का काटा चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 9 के मार्केट एरिया में विशेष अभियान चलाकर दुकानदारों और आम नागरिकों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के निर्देशानुसार चलाया गया।

अभियान में नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और एनजीओ टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।अभियान के दौरान कुल 15 दुकानों से पॉलीथिन जब्त की गई तथा संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। प्रत्येक दुकानदार से 50-50 रुपए का चालान काटा गया। साथ ही उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका टीम ने इस दौरान व्यापारियों और आम नागरिकों को कपड़े या कागज के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है, जिससे भूमि, जल और जीव-जंतुओं पर दुष्प्रभाव पड़ता है।अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपील की गई कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करें और वैकल्पिक साधनों को

# वार्ड 11 में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव के केंद्र क्रमांक 232, महाराणा प्रताप वार्ड (वार्ड 11) में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद एवं सभापति संजय जैन, सभापति अमित यादव, डॉ. अमित जैन, राजेंद्र जी वर्मा, नरेश वर्मा, केंद्र अध्यक्ष मुकेश बंडेवार, भारत भूषण अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय जैन ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता को "चरैवेति-चरैवेति" का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति को प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाएं और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र के साथ भाजपा को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लें।

# रामनवमी में सफल कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हिंदू पूर्व समिति अध्यक्ष ने कराया भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रामनवमी के आयोजन की शुरुआत लगभग 16 वर्ष पहले की जिसको गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखते हुए हिंदू उत्सव समिति तामिया द्वारा विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस विशाल एवं भव्य शोभायात्रा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों राजनीतिक संगठन के द्वारा पृथक पृथक रूप से स्वागत करते हुए भंडारों का आयोजन किया गया था। आपके इस ऐतिहासिक सहयोग पर हम आपको हार्दिक आभार एवं साधुवाद प्रकट करते हैं।

आज माता मंदिर में माता जी आरती पर सामूहिक रूप से उपस्थित होकर आशीर्वाद स्वरूप पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में पहली बार रामनवमी के झांकी की शुरुआत करने पर ज्येष्ठ श्रेष्ठ इंद्रकुमार बत्रा दिनेश मालवीय कुरैश डेहरिया को शाल श्रीफल से सम्मानित किया। वही संरक्षक पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश मिश्रा पत्रकार बाबा ठाकुर थाना प्रभारी आशीष जेतवार को अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के द्वारा सम्मानित कर कार्यक्रम में स्नेहभोज कराकर आभार व्यक्त किया गया हिंदू उत्सव समिति के द्वारा इस विशाल एवं भव्य शोभायात्रा में नगर के विभिन्न विभागों में प्रमुख रूप से पुलिस विभाग, राजस्व एवं विद्युत मंडल वन विभाग के द्वारा हमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दिए गए सहयोग हेतु हम उन्हें आभार व्यक्त करते हैं।

हम इस नगर के समस्त व्यापारी एवं दानदाताओं के प्रति भी धन्यवाद अर्पित करते हैं। जिनके कारण यह विशाल आयोजन संभव हुआ है। हिंदू उत्सव समिति का यह आयोजन पूर्ण रूप से धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक बुनियाद पर आयोजित किया।

# करंट की चपेट में आने से बुझ गया घर का इकलौता चिराग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बड़े-बुजुर्गों से एक कहावत सुनी ही होगी, 'काल बुलाता है' और उसके बुलावे को कोई टाल नहीं सकता। ऐसी ही एक घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम उजाड़बोपली से प्रकाश में आई है। महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर से एक दिन पहले ही यानी रविवार को अपने घर लौटे 20 वर्षीय युवक की आज सोमवार की सुबह करीब साढ़े 09 बजे बिजली का करंट लगने की वजह से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार उजाड़बोपली निवासी देवानंद पिता मनीराम देवारे आज अपने खेत में धान की फसल की सिंचाई के लिए मोटर पंप चालू करने के लिए गया हुआ था। एलटी लाईन के बिजली के खुले तारों में आकड़ा लटकाते वक्त एक तार उसके चेहरे में मुंह के पास आकर गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने घर का इकलौता चिराग था। जिसकी मौत के बाद परिवार सदमे में है। पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि देवानंद नागपुर में डीजे साउंड सिस्टम का कार्य करता था। एक दिन पहले ही वह घर लौटकर आया था। सोमवार की सुबह अपने खेत में फसल की सिंचाई के लिए गया था। जहां बिजली के तार में आंकड़ा लटकाते वक्त हादसा होने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## हैंडपंप के पास गंदगी के बीच ग्रामीणों को भरना पड़ रहा पानी, नाली नहीं होने से बन रही समस्या

# अधिकारियों की लापरवाही शासकीय हैंड पंप के पास बच बचा रही गंदगी

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी के ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के टिमकीटोला ग्राम में लोगों को गंदगी के बीच पानी भरना पड़ रहा है। यहां पर पानी की ठीक तरीके से निकासी नहीं होने से गंदा पानी लौटकर हैंडपंप के पास पहुंच रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। और गंधा पानी जमा होने से ग्राम में सदन और बदबू फैल रही है जिससे संक्रमण फैलने की बीमारी है। ग्राम टिमकी टोला निवासी सयबू खान ने बताया कि ग्राम पंचायत में नाली निर्माण नहीं होने से हैंडपंप के आसपास गंदा पानी जमा होना एक गंभीर समस्या है, जिससे कीचड़, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में गंदा पानी जमा होने की जानकारी कई बार दी गई परंतु मौके पर ना तो सरपंच और ना ही सचिव पहुंचकर कोई पानी निकासी का रास्ता नहीं बनाया गया।गांव में पहुंचते ही मुख्य मार्ग पर लगा हैंडपंप गंदगी से भरा पड़ा है। हैंडपंप से बहने वाले पानी की निकासी नहीं बनाई गई, जिससे नाली का जमा गंदा पानी ग्राम में बीमारी का कारण बन सकता है। यह समस्या हैंडपंप के पास नाली का निर्माण नहीं होने से बन रही है।इस समस्या से आए दिन ग्रामीण जूझ रहे हैं। हैंड पंप नाली मैं आ रहा गंदा पानी भरा रहता है जिससे पूरे ग्राम में बदबू फैल रही है। इसके साथ ही हैंडपंप के पास भी गंदे पानी का भराव होने से दिनभर गंदगी फैली रहती है।

लांजी जनपद में आने वाली अधिकतर ग्राम पंचायतों की यही स्थिति है। वहीं शासन की ओर ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता के नाम पर लाखों खर्च भी किया जा रहा है। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायतों की स्थिति कुछ और नजर आ रही है। जिसके प्रति अधिकारी गंभीर नहीं है।



ग्राम पंचायत में नाली का निर्माण नहीं होने से इस तरह के हालात बने हुए हैं। हैंड पंप का पानी एक जगह एकत्रित हो रहा है। जहां पर गंदगी भी उत्पन्न हो रही है। स्थिति यह है कि महीनों से गंदगी की सफाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर हैंडपंप के पास से अगर नाली बना दी जाती है तो गंदा पानी जमा होने का सिलसिला हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा और ग्राम में स्वच्छता बनी रहेगी।

# नगर परिषद करवा रही पाईप लाइन का विस्थापन



### अस्पताल कॉलोनी में फिर से पहुंचेगा पानी, रहवासियों ने ली राहत की सांस

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद ने शहर की अस्पताल कॉलोनी में फिर से आसानी से पानी पहुंचाने के लिए पाइन का विस्थापन कार्य शुरू कर दिया गया है। विगत दिवस हमारे द्वारा अस्पताल कॉलोनी के रहवासियों की पेयजल समस्या को लेकर खबर का प्रकाशन किया गया था। जिसके बाद नगर परिषद ने इसे गंभीरता से लेते हुए नई पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। संभवत दो दिन बाद पानी की सप्लाई शुरू भी हो सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी की 50 बिस्तरों वाली नई इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इस इमारत के निर्माण के लिए खोदी गई नींव से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे बुधवार के दिन से अस्पताल कॉलोनी के रहवासियों को पानी नहीं मिल रहा था। नगर परिषद पानी टैंकरों से पानी की सप्लाई कर रही थी किंतु स्थानीय रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा था। वहीं टैंकरों से मिलने वाली पानी के प्रदूषित यानी पीने योग्य ना होने की पूर्व संभावना में रहवासी पीने के आरओ वाटर कैन का पानी खरीद रहे थे। रहवासियों की समस्या को हमने प्रकाशित किया था आखिरकार नगर परिषद ने अब पाइप लाइन का विस्तार शुरू कर दिया है। जिससे रहवासियों ने राहत की सांस ली है।

# बैहर में जल सेवा समागम के तहत निबंध लेखन व रैली आयोजित, जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज उकवा।



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड बैहर में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों द्वारा जल सेवा समागम द्वितीय चरण के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार एवं जल संचयन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।

परामर्शदाताओं के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित जल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिवनाथ यादव ने कहा कि जल संकट से निपटने का एकमात्र उपाय जल का सही प्रबंधन और संवर्धन है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन की तकनीकों को अपनाने की अपील की। संगोष्ठी के पश्चात छात्रों ने ग्राम के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर "जल है तो कल है" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समर्पित रहने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, भंवरसिंह मेरावी, आकांक्षा तेकाम समाज सेवी संदीप गजभिये, अभय यादव,विमल भावे ,ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, अर्पिता यादव, शिवानी शिवहरे, साक्षी दुबे, निकिता ठाकरे, संदीप बिसेन, आरती कुशरे, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने अभियान

# रोजगार मेला 2026 में विद्यार्थियों को दिए गए नियुक्ति पत्र

## शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




जिला प्रशासन बालाघाट तथा शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 04 अप्रैल 2026 को रोजगार मेला 2026 का आयोजन कार्तिकेय जायसवाल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 सरिता कोल्हेकर के नेतृत्व, डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले के संयोजन एवं नरेन्द्र कुमार डोंगरे प्रभारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा महाविद्यालय परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया।

रोजगार मेला 2026 का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र, प्रमुख अतिथि विवेक 'विक्की' पटेल विधायक वारासिवनी-खैरलॉंजी क्षेत्र, विशिष्ट अतिथिगण प्रदीप जायसवाल पूर्व विधायक, मृणाल मीना कलेक्टर बालाघाट, अभिषेक सराफ मुख्य कार्यपालन अधिकारी बालाघाट, आकाश अग्रवाल सहायक कलेक्टर बालाघाट तथा एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद भारती पारधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह रोजगार मेला प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु शासन द्वारा ''हर हाथ कौशल, हर हाथ रोजगार'' योजना अन्तर्गत आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त बेरोजगार युवा अपनी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार अवश्य लाभ ले सकते है। हमारा लक्ष्य जिले के समस्त बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पंजीकृत लाभार्थियों को नौकरी के लिए साक्षात्कार देने हेतु अग्रिम बधाइयाँ प्रेषित करती हूँ।

प्रमुख अतिथि विधायक विवेक 'विक्की' पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें निःशुल्क पंजीयन कर लाभार्थी योग्यता के अनुसार रोजगार मेले का लाभ ले सकते है।

पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि अभी तक बालाघाट जिले में रोजगार की कमियॉ थी, लेकिन अब जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेलो के माध्यम से रोजगार की कमियों को दूर किया जा सकता है। कलेक्टर मृणाल मीणा द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेले में जितने भी बेरोजगार विभिन्न समूहों की नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं, वे आवश्यकता अनुसार डिग्री के साथ उपस्थित होकर स्वयं और अपने साथियों को रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रेरित कर सकते है। सभी प्रतिभागी किसी भी प्रकार की भ्रांतियों एवं अफवाहों पर ध्यान न दे, यह संपूर्ण भर्तियॉं जिला प्रशासन की निगरानी में होती है।

रोजगार मेले में उपस्थित आशीष मिश्रा जिला रोजगार अधिकारी द्वारा रोजगार मेला 2026 के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गयी। रोजगार मेला 2026 में यजाकी अहमदाबाद, फंक्सकान बंगलुरू, रॉयल इनफील्ड अहमदाबाद, टाटा मोटर्स अहमदाबाद, माइक्रोन (चीप उत्पादन) अहमदाबाद कम्पनियॉं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### विभागीय टेनिस वार्मअप टूर्नामेंट ट्राइबल की हेल्थ पर जीत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय पीजी कॉलेज में विभागीय टेनिस बाल वार्म अप का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें ट्राइबल विभाग विजयी रहा। जिले में शासकीय विभाग के विभागीय कर्मचारी और अधिकारियों की आपसी सहमति से एवं आपसी मेलजोल बढ़ाने व स्वस्थ रहने के उद्धेश्य विभागीय वार्मअप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसका फाइनल मुकाबल ट्राइबल विभाग और हेल्थ विभाग की टीम के बीच हुआ। हेल्थ टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 53 बनाए। चेस करने उतरी ट्राइबल टीम ने 4ओवर में बिना कोई विकेट खोए बना लिए। ट्रायवल टीम विजेता रही और हेल्थ विभाग की टीम उप विजेता रही। इस टूर्नामेंट में फॉरेस्ट विभाग स्वास्थ्य विभाग,ट्रायवल विभाग टीचर विभाग,एक्स आर्मी, पुलिस विभाग,महिला बाल विकास विभाग ,बैंक 11 की विभाग की टीमों में अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट का विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थि में समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में विशेष सहयोग में जय श्रीवास्तव ,राजेश यादव, अभिराज सिंह,प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, महानारायण पांडे अनिल सनोडीया विवेक अग्रवाल,नरेंद्र देशमुख रुद्र हनुमंत, मढ़ीकांत तिवारी, विजय चौहान, विवेक,अवधेश मालवीय , दीपक तिवारी ,मकवानी शामिल थे।

### सडक़ हादसें मे दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंट ग्राम के समीप रविवार देर रात एक सडक़ हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल बरघाट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक मोटरसाइकिल से बरघाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वहां लोगो व वाहनों का आवागमन अधिक होता है, घटना के समय लोगो मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश वेस ने बताया कि सडक़ दुर्घटना की सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची थी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश करपर पहुंची थी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही, घायलों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।

# 10 साल से गायब कृषि विभाग! पिपरवानी के किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे

आदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई के ग्राम पंचायत पिपरवानी में कृषि विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। गांव के किसानों ने आरोप लगाया है कि पिछले करीब 10 वर्षों से कृषि विभाग पूरी तरह गायब है। न कोई अधिकारी गांव पहुंचा, न ही किसी योजना की जानकारी किसानों तक पहुंची।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

ग्रामीणों का कहना है कि हालात इतने बदतर हैं कि उन्हें लगने लगा था मानो सरकार ने कृषि विभाग को ही बंद कर दिया हो। किसानों को न तो नई तकनीकों की जानकारी मिलती है, न बीज, खाद या सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल पाता है। किसानों ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले में कुरई के एसडीओ डी.सी. मरकाम से संपर्क किया, तब जाकर यह जानकारी मिली कि पिपरवानी के लिए विक्रम प्रताप ग्राम सेवक नियुक्त हैं, जो छिंदवाड़ा से आना-जाना करते हैं। लेकिन किसानों का आरोप है कि यह नियुक्ति केवल कागजों तक सीमित है। ग्राम सेवक कभी गांव नहीं आते ,किसानों से कोई संवाद नहीं, योजनाओं की जानकारी शून्य, हाल ही में ग्राम सेवक द्वारा किसानों की सूची मांगी गई, लेकिन उसके बाद फोन उठाना तक बंद कर दिया गया, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। इस पूरे मामले पर उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे का कहना है कि किसानों को मूंगफली वितरण किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यदि पिपरवानी के किसानों को इसकी जानकारी नहीं मिली, तो यह ग्राम सेवक की गंभीर लापरवाही है।

### बड़ा सवाल ?

क्या कृषि विभाग सिर्फ कागजों में ही सक्रिय है? क्या अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं? आदिवासी क्षेत्र के किसानों के साथ यह खुला अन्याय क्यों?

### ग्रामीणों की मांग

पिपरवानी के किसानों ने प्रशासन से मांग की है किः गांव में नियमित रूप से कृषि अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। योजनाओं की जानकारी समय पर दी जाए। लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। पिपरवानी का यह मामला केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की लापरवाही को उजागर करता है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो किसानों का भरोसा पूरी तरह टूट सकता है। साथ ही इस पूरे मामले में एक बड़ा सवाल और खड़ा हो गया है। उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे द्वारा यह दावा किया गया है कि किसानों को मूंगफली का वितरण किया जा चुका है, लेकिन पिपरवानी के किसानों का कहना है कि उन्हें किसी भी प्रकार का वितरण नहीं मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर मूंगफली गई तो कहां गई? यदि वितरण हुआ, तो उसका लाभ किन लोगों को मिला और गांव के वास्तविक किसानों को इससे क्यों वंचित रखा गया? यह स्थिति न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करती है, बल्कि संभावित गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी की ओर भी इशारा करती है।

# खबर का असर: चंद घंटों में चोर हुये गिरफ्तार


इधर, पुलिस मस्त, चोरी जबरदस्त, एफआईआर के बाद भी नहीं थम रहा चोरों का आतंक, जनता में आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

दिनांक 05 अप्रैल को हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा चोरी की घटना को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। खबर सामने आते ही पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की।
तेजी से की गई जांच और दबिश के चलते पुलिस ने महज कुछ घंटों के भीतर ही चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं समाचार पत्र की सक्रिय भूमिका की भी सराहना की जा रही है।
पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुद्ध भी सख्ती से कार्यवाही हेतु प्रयत्नशील रहते है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनाँक 04.04.2026 को रामदयाल यादव निवासी जनता नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आपने पारिवारिक कार्यक्रम मोहल्ले मे परिवार सहित गया था उसी समय रात्री मे अज्ञात चोरो द्वारा सोना चांदी एंव नगद रुपये घर का ताला तोड कर चुरा लिये है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध क्रमांक 175/2026 धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उडक़े द्वारा आरोपियो की तलाश पतासजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर आरोपीयो की धरपकड हेतु क्षेत्र मे टीम रवाना की गई।
डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुये कुछ संदेही से पूछताछ की गई, मुखबिर लगाये गये चंद घंटो के भीतर तीन संदेही को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किये, जिनके कब्जे से चोरी किया गया सोना चांदी के जेवरात बरामद किये गये तीनो अपचारी बालको को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।
आरोपी मे तीन नाबलिग अपचारी बालक। जप्ती मे एक सोने का मगलसूत्र, सोने की सात पत्ती, चांदी की एक जोडी पायल, चांदी के हाथ के कंगन , चांदी एक जोडी बिछिया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे सउनि निसार खान, संजय बघेल. प्र. आर. उमेश्वरी चौधरी, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, हिमेन्द्र सहारे, रवि धुर्वे, अंशुमन राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव ।

# कतिया समाज का विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 18 अप्रैल को

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

बबलू पहलवान नगर अध्यक्ष सिवनी ने दी जानकारी के अनुसार समाज के पिपारिया होशंगाबाद विधायक ठाकुर दास नागवंशी के मुख्य आतिथ्य मे कठियावाड़ क्षत्रिय कतिया समाज पंजीकृत संस्था 10277 का जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन ओर आदर्श विवाह दिनांक 18 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को राजश्री पैलेस, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिन्दवाड़ा रोड, सिवनी मे सामाजिक एकता, भाईचारा, प्रेम-सौहार्य, सहयोग व सेवा भावना जागृत करने तथा विकसित समाज के सृजन हेतु उक्त भव्य आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम मे समिति द्वारा लिये गये निर्णय मे विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन किया जायेगा।समाज में जिन-जिन छात्र-छात्राओं एवं युवक-युवतियों ने विभिन्न परीक्षाओं में प्रदर्शन किया है, उन्हें सम्मानित किया जायेगा तथा जिन सजातीय जनों ने समाज हित में या कोई विशेष क्षेत्र में विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य किया है, समिति द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया जावेगा।
समिति द्वारा आदर्श विवाह में सम्मिलित होने काले सभी जोड़ों को विशेष सम्मान तथा भेंट राशि प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम स्थल पर शराब पीकर आना पूर्णतः प्रतिबंधित है, किसी भी व्यक्ति के द्वारा गाली-गलीच झगडा, वाद-विवाद किये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाये।
दूर से आने वाले स्वजनों एवं वर-वधु के परिवारजनों हेतु रुकने एवं भोजन आदि की व्यवस्था समिति की ओर से रहेगी। बस स्टेण्ड रेल्वे स्टेशन से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने हेतु समाज की और से वाहन व्यवस्था रहेगी।परिस्थिति अनुसार कार्यक्रम में परिवर्तन संशोधन हेतु समिति अधिकृत रहेगी।कृष्ण कुमार डोंगरे जिलाध्यक्ष ने समाजिक लोगो से अनुरोध किया है कि समाज के इस कार्यक्रम को परिवार सहित सहभागिता निवाह कर सफल करे।

# गंगेरुआ में नई शराब दुकान खोलने ग्रामीणों ने किया विरोध,जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो होगा बड़ा आंदोलन

**सिवनी जिले के गंगेरुआ गांव में नई शराब दुकान खोलने की तैयारी का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में गांव के महिला-पुरुष जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपकर दुकान को कहीं और ले जाने की मांग की।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर शराब दुकान खोली जा रही है, वह काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। इसके पास ही स्कूल और कोचिंग सेंटर चलते हैं, जहां से दिन भर छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों को डर है कि यहां दुकान खुलने से पढ़ाई-लिखाई का माहौल खराब होगा और बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा।

### पंचायत के फैसले की अनदेखी का आरोप

ज्ञापन में यह बात भी सामने आई कि ग्राम पंचायत ने शराब दुकान के लिए जो जगह तय की थी, वहां दुकान न खोलकर किसी दूसरी जगह पर खोलने की तैयारी चल रही है। लोगों ने इसे गलत बताया है और कहा कि इस फैसले में पारदर्शिता नहीं रखी गई और स्थानीय लोगों की मर्जी को किनारे कर दिया गया। महिलाओं ने जताई सुरक्षा की चिंता
गांव की महिलाओं ने अपनी सुरक्षा को लेकर खास चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि शराब दुकान खुलने से इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगेगा, जिससे महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस जगह पर दुकान खोलने की इजाजत तुरंत रद्द की जाए।

### प्रशासन का आश्वासन और ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि अगर उनकी मांग पर जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल प्रशासन ने ग्रामीणों की बात सुनकर मामले की पूरी जांच करने का भरोसा दिया है।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलते हुए एक सटोरी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में अन्य फरार

## नकदी एवं एक एड्राइड मोबाइल फोन जप्त, अन्य सटोरी की तलाश जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेल रहे एक सटोरी को को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।
दिनांक 05/04/2026 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे बींझावाड़ा रोड़ सिवनी में एक व्यक्ति आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा है सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी की गई जो एक नीली आसमानी छीटदार टी शर्ट में एक व्यक्ति आईपीएल का मैच देख रहा था एवं इंटरनेट साइट पर कुछ ट्रांजेक्शन कर रहा था जो पुलिस को देखकर मोबाइल छुपाने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम अभय तिडके एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सिवनी का रहना बताया पूछने पर सिवनी निवासी सागर सुराना से आईडी लेकर चैन्नई सुपर किंग एवं रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलना बताने पर एक एंड्राइड फोन एवं अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हाथ में रखे नकदी 5000 रुपये विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।
उल्लेखनीय है कि आरोपी सागर सुराना के विरूद्ध पूर्व से जुआ एवं सट्टा एक्ट के 04 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जप्ती मे एक रेडमी कम्पनी का एंड्राइड फोन कीमती 15000 रुपये एवं नकदी 5000 रुपये। गिरफ्तार आरोपी मे अभय पिता सुरेन्द्र तिडके उम्र 36 वर्ष निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सिवनी फरार आरोपी सागर सुराना पिता राजेश सुराना उम्र 37 निवासी गायत्री मंदिर के पास सिवनी। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयवंत ठाकुर, प्र.आर. मनोज पाल आर. प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, मुकेश चौरिया विशेष भूमिका रहीं हैं।

# निर्देशों का उल्लंघन करने पर 36 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

## ई-विकास प्रणाली से होगा उर्वरक वितरण, अब बिना लाइन लगे मिलेगा खाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिले में किसानों को उर्वरक वितरण में सुगमता प्रदान करने के उद्धेश्य से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली 1 अप्रैल 2026 से पूर्णतः लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में लागू की गई है, जिसके माध्यम से अब शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।
नई व्यवस्था के तहत किसान घर बैठे ई-टोकन बुक कर सकेंगे और निर्धारित दिनांक एवं समय पर संबंधित उर्वरक विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों को वितरण केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने की समस्या से राहत मिलेगी।
ई-विकास प्रणाली में वन पट्टाधारी, ठेका भूमि पर खेती करने वाले, मंदिर या ट्रस्ट की भूमि पर खेती करने वाले तथा नामांतरण लंबित होने की स्थिति में वारिसानों के लिए भी टोकन बुकिंग की सुविधा दी गई है। प्रणाली के अंतर्गत किसानों को आधार सत्यापन के बाद एग्रीस्टैक के माध्यम से भूमि एवं फसल का विवरण दर्ज करना होगा। इसके आधार पर पोर्टल वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार उर्वरक की आवश्यकता की गणना स्वतः करता है। किसान उपलब्धता के आधार पर विक्रेता का चयन कर टोकन बुक कर सकते हैं।
सहकारी समितियों के सक्रिय सदस्य किसानों को उर्वरक संबंधित समिति से ही ई-टोकन के माध्यम से मिलेगा, जबकि अन्य किसानों को निजी विक्रेताओं, मार्कफेड एवं एम.पी. एग्रो केंद्रों से उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।
उपसंचालक कृषि द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों का विक्रय केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का उल्लंघन करने पर जिले के 36 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।
किसानों से अपील
उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी वास्तविक फसल के अनुसार ही ई-टोकन बुक करें। टोकन बुकिंग में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव या रोजगार सहायक से संपर्क करें।

# गरीबों के लिए उम्मीद बनी आसरा की रसोई, रोज़ाना निःशुल्क भोजन वितरण के साथ सेवा के नए आयाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

समाजसेवा के क्षेत्र में न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन द्वारा संचालित आसरा की रसोई आज गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभर रही है। संस्था की अध्यक्ष नाजन्नीन शेख (रोज़) के नेतृत्व में यह रसोई प्रतिदिन बेसहारा लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है। इस पुनीत पहल के माध्यम से न केवल भूख से जूझ रहे लोगों को राहत मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना भी मजबूत हो रही है।
संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और हर जरूरतमंद तक नियमित रूप से भोजन पहुंचे। संस्था द्वारा भोजन वितरण के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। रसोई की साप्ताहिक साफ-सफाई नियमित रूप से की जाती है, वहीं हर महीने मेडिकल चेकअप भी आयोजित किया जाता है। इसके अतिरिक्त अर्पण समर्पण पहल के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को जीवन-यापन की आवश्यक सामग्री भी वितरित की जाती है।
संस्था की अध्यक्ष नाजन्नीन शेख ने बताया कि यह सेवा कार्य पूरी तरह जनसहयोग से संचालित हो रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस पुण्य कार्य में अपनी स्वेच्छा से सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा देने वाला ऊपर वाला है, हम तो सिर्फ माध्यम हैं। जो भी व्यक्ति इस सेवा कार्य में सहयोग करना चाहते हैं, वे नीचे दिए गए संपर्क नंबर पर जुड़ सकते हैं— संपर्क 8305379364।

# कुर्मी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्पन्न हुआ सिवनी से बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए

सिवनी । अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का 46वां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं महिला सभा का 5वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 4 एवं 5 अप्रैल को जबलपुर में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में सिवनी जिले से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की। महिला क्षत्रिय कुर्मी समाज की अध्यक्ष श्रीमती आशा मोहन चंदेल के नेतृत्व में महिला समाज की कार्यकारणी स्पेशल बस के माध्यम से जबलपुर पहुंचकर भाग लिया। युवा अध्यक्ष गोपाल सनोडिया के नेतृत्व में युवाओं की टोली अपने-अपने चौपहिया वाहनों से पहुंची। कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोडिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञान चंद सनोडिया के नेतृत्व में वरिष्ठजनों ने भाग लिया।
महिला कुर्मी समाज का वार्षिक सम्मेलन सफलता पूर्वक आयोजित करने एवं अपनी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए महिला कुर्मी समाज की जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा मोहन चंदेल को मंच मे बुलाकर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर द्वारा सम्मानित किया गया। अधिवेशन में पधारे प्रमुख अतिथिगणों केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.वी.एस.निरंजन आई.ए.एस., राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष राम खेलावन पटेल, प्रदेश महिला अध्यक्ष एवं सागर की सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल, छत्तीसगढ के विधायक ब्यास नारायण कश्यप एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.पी.पटेल आदि ने समाज हित में अपना प्रेरणादायक उदबोधन दिया। मंच संचालन श्रीमती ममता एस.पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन जबलपुर जिले के अध्यक्ष विवके चौधरी ने किया।
सिवनी जिले से प्रमुख रूप से समाज के आई.टी. प्रभारी प्रशांत पटेल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मोहन सिंह चन्देल, पूर्व अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष दद्दुआ पटेल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूकमणी, श्रीमती ज्योति सनोडिया, आशा पटेल, सुषमा सनोडिया, नीलम सनोडिया, योगिता सनोडिया, रश्मि सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, जितेन्द्र सनोडिया, शिव सनोडिया, प्रो.एम.सी.सनोडिया, शिवराम पटेल, राजकुमार सनोडिया, कपिल सनोडिया, दिनेश सनोडिया, राधेश्याम सनोडिया पत्रकार, उमा पटेल सिंगोड़ी, हरिकांत सनोडिया, सचिन सिसोदिया, गोपाल गहलोद एवं अर्पण कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों का समावेश रहा। सम्मेलन में देश भर से 5000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### सृजन कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया

दिनांक 05.04.2026 को सृजन कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। कार्यकम में बच्चों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास, डांस अभ्यास कराया गया बच्चों को विस्तार से समझाया गया कि योग से एकाग्रता बढ़ती है, आत्मविश्वास बढ़ता है ,और विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं प्रतिभागी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के बारे में मार्गदर्शन दिया, विभिन्न क्षेत्र में जाने के लिए कैसी तैयारी करनी होती है विस्तार से बच्चों को समझाया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर ,डांस टीचर ,योग टीचर ,मातृशक्ति संगठन, मारगीक फाउंडेशन और पुलिस लाइन का स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रवेश शिक्षा वर्ग का आयोजन 9 मई से, राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत की तैयारी पूर्ण

सिवनी। राष्ट्र सेविका समिति, महाकौशल प्रांत द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रवेश शिक्षा वर्ग का आयोजन सिवनी में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 9 मई सायं 6 बजे से प्रारंभ होकर 24 मई रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा। आयोजन स्थल माउंट लिट्रा जी स्कूल, प्रकाश नगर, बारापत्थर सिवनी निर्धारित किया गया है। इस वर्ग का उद्देश्य समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए महिलाओं में नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक कौशल एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। समिति द्वारा दी जा रही यह शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर, अनुशासित एवं राष्ट्रहित में समर्पित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। समिति के अनुसार, प्रवेश शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाली बहनों को शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को संगठन की कार्यपद्धति, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक किया जाएगा। वर्ग विवरण के अनुसार इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षित बहनों के लिए पात्रता निर्धारित की गई है तथा सहभागिता शुल्क 500 रुपये रखा गया है। प्रतिभागियों को दैनिक उपयोग की सामग्री, अध्ययन सामग्री, भारतीय वेशभूषा सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष निर्देशों में समय पर उपस्थिति, अनुशासन का पालन, आवश्यक साहित्य का अध्ययन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता को अनिवार्य बताया गया है। साथ ही, प्रतिभागियों को मूल्यवान वस्तुएं जैसे मोबाइल, आभूषण आदि साथ न लाने की सलाह दी गई है। समिति पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में बहनों से इस प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता कर राष्ट्र सेवा के इस अभियान को सशक्त बनाने का आह्वान किया है। संपर्क हेतु सुधा भुवनेश्वरी - 9098879668 आशा पटेल - 9109967950 सोना अग्रवाल - 9425175573 प्रांत कार्यवाहिका महाकौशल श्रीमती सुभेधा पोल ने सभी इच्छुक बहनों से समय पर पंजीयन कर प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की है।

# मवेशी तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

सिवनी जिले की छपारा पुलिस ने सोमवार सुबह मवेशी तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने एक पिकअप एमपी 13 जेटएफ 2451) को जब्त कर उसमें क्रूरतापूर्वक भरे गए चार मवेशियों को मुक्त कराया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके बाद भागने का प्रयास कर रहे तस्करों को कुछ दूरी पर पकड़ लिया।
मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस को देखते ही चालक ने वाहन की गति बढ़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन में मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए, जिन्हें गोशाला भिजवाया गया।तीन आरोपी गिरफ्तार, नागपुर की ओर जा रहे थे पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अशफाक (38) निवासी बोरदई, अर्जुन यादव (34) निवासी मलरा और सौरभ यादव (22) निवासी मलरा के रूप में हुई है। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी इन मवेशियों की तस्करी जबलपुर से नागपुर की ओर कर रहे थे। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया-आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। जिले में मवेशी तस्करी जैसे अपराधों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ने कहा जनपद सदस्य के चहेतों को मिल रही प्राथमिकता

# सामूहिक विवाह में पहुंचे 400 आवेदन

### जनपद अध्यक्ष ने पलटवार करते हुए कहा कि जांच करवा ले

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के लालबर्रा में 19 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इस योजना में पात्र कन्याओं के बजाय भाजपा से जुड़े जनपद सदस्यों के चहेतों को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है।



यह पूरा विवाद सोमवार को एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद बढ़ा। इस ऑडियो में कनकी गांव की सरपंच दुर्गा पगरवार और विवाह प्रभारी आकाश बोकड़े के बीच बातचीत हो रही है। इसमें प्रभारी यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि तय लक्ष्य से कहीं ज्यादा फॉर्म जमा हो चुके हैं और जनपद सदस्यों ने भारी संख्या में आवेदन भिजवाए हैं।

कांग्रेस नेता और सरपंच दुर्गा पगरवार का कहना है कि सामूहिक विवाह योजना का लाभ उन गरीब बेटियों को नहीं मिल पा रहा है जो वाकई इसकी हकदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के जनपद सदस्यों ने अपने खास लोगों के फॉर्म भरवा दिए हैं, जिससे असली जरूरतमंद बाहर हो रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की ऊंचे स्तर पर जांच कराने की मांग की है।

इन आरोपों के बाद जनपद अध्यक्ष देवीलता ग्वालवंशी ने शाम 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर अपनी बात रखी। उन्होंने साफ कहा कि ये सारे आरोप गलत हैं और अगर किसी को शक है तो वह जांच करवा सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लालबर्रा के बीपीएल कार्ड धारक परिवारों की बेटियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

विवाह प्रभारी आकाश बोकड़े ने बताया कि कार्यक्रम के लिए 200 शादियों का लक्ष्य था, लेकिन आवेदन 400 आ गए हैं। अब इन सभी फॉर्मों की बारीकी से जांच की जा रही है।

उन्होंने माना कि जनपद सदस्यों ने अपने-अपने इलाकों की लड़कियों के फॉर्म जमा किए हैं, लेकिन शादी सिर्फ उन्हीं की होगी जो जांच में सही पाए जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि 26 मार्च को जारी नियमों के हिसाब से ही पूरी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### टीसी लेकर आने के बाद प्राचार्य बोले-अब नहीं मिलेगा प्रवेश

# क्या प्राचार्य प्राइवेट स्कूल संघ के दबाव में झूके ..!




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में संचालित होने शासकीय सांदीपनि विद्यालय में नगर के प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता प्राइवेट स्कूल के संचालकों के दबाव में प्रवेश नहीं दे रहे है जबकि पूर्व में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश दिया गया है। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में भी अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्राइवेट स्कूल के बच्चों को प्रवेश फार्म वितरित किए गए और उन्हें प्रवेश देना था उन बच्चों के नाम शनिवार 04 अप्रैल को ही सूचना पटल पर प्रकाशित भी कर दिए गए। लेकिन सोमवार को जब अभिभावक अपने बच्चों के साथ प्राइवेट स्कूलों से निकाली गई टीसी और अन्य तमाम दस्तावेज लेकर सांदीपनि स्कूल पहुंचे तो प्राचार्य ने प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। प्राचार्य ने लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि सांदीपनि स्कूल में पहले पोषक शालाओं के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद पहले 01 किमी फिर क्रमश दूरी में आने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि विगत वर्ष सांदीपनि स्कूल में इस निर्देशों का पालन नहीं किया गया। टीसी लाने के बाद अचानक से प्रवेश नहीं दिए जाने की बात से गुस्साए अभिभावकों ने प्राचार्य से मुलाकात कर विरोध प्रकट किया। अभिभावक इस गंभीर समस्या को लेकर विधायक आवास भी पहुंचे किंतु विधायक के भोपाल में होने की वजह से अभिभावकों की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई है। विधायक से दूरभाष पर चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि प्राचार्य वरिष्ट कार्यालय के आदेशों का पालन करते हुए प्रवेश ले रहे हैं इसमें कुछ भी नहीं किया जा सकता। अभिभावकों ने प्रवेश नहीं मिलने पर सांदीपनि स्कूल के सामने बैठकर धरना देने और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीढ़ा रखने की बात कहीं है।

**अंग्रेजी माध्यम के नहीं सरकारी स्कूलः** सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य और विधायक गौरव सिंह पारधी लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी नियमानुसार स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश की बात कह रहे है। उनका कहना है कि पहले 1 फिर 2 किमी. की परिधि के बच्चों को प्रवेश देना है। इसके बाद भी अगर सीटें रिक्त रह जाती है तो क्रमश किमी. के दायरे में आने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। ध्यान देने वाली बात यह है कि विकासखंड कटंगी में सीएम राइज स्कूल को छोड़कर एक भी अंग्रेजी माध्यम का प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूल नहीं है। ऐसे में दूरी के दायरे का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। विकासखंड में प्राइवेट स्कूल ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करते है। ऐसे में जब से सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई है या तो नवप्रवेशी छात्र/छात्रा को ही प्रवेश मिला या फिर प्राइवेट स्कूल से आने वाले बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया गया। विगत 04 वर्षों से सीएम राइज में अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया गया है।

**महंगी फीस, कॉपी-पुस्तकों के दाम से अभिभावक परेशानः** शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में संचालित हो प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस, महंगी काफी किताबें, महंगे संसाधन और स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान हैं। यहीं वजह है कि जब से नगर में सांदीपनि स्कूल और तिरोड़ी में केंद्रीय विद्यालय की शुरूआत हुई है आम और खास दोनों ही वर्ग के अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए इन स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए जद्दोजहद करते है। अभिभावकों ने बताया कि महंगाई के दौर में वह अपने घर परिवार का भरण-पोषण करें या फिर अपने बच्चों को पढ़ाए यह सवाल उनके जेहन में हमेशा चलते रहता है। इसलिए आज अभिभावक निशुल्क और बेहतर शिक्षा के लिए सांदीपनि और केंद्रीय विद्यालय जैसे सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाना चाहता है।

**हर साल बदला जा रहा सिलेबसः** दरअसल, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए सरकार कई तरह के प्रयास करती है किंतु इन प्रयासों का प्राइवेट स्कूलों पर कोई खास असर नहीं पड़ता है। शहर के कई नामी स्कूलों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि हर साल सिलेबस बदल दिया जाता है, जिससे पुरानी किताबें बेकार हो जाती हैं और नई किताबें खरीदना मजबूरी बन जाती है। प्राइवेट स्कूल चयनित दुकानों से ही कॉपी-किताब, पुस्तकें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर कर देते है। एक मध्यम परिवार जो अपने बच्चों को सरकारी स्कूल की बजाए प्राइवेट स्कूल में शिक्षा दिलाना चाहता है वह प्राइवेट स्कूलों के महंगे खर्च के डर कर सरकारी स्कूल में प्रवेश लिए भागदौड़ कर रहा है। लेकिन भागदौड़ के बावजूद नतीजा शून्य ही निकलकर आ रहा है।

#### इनका कहना है

कक्षा छटवीं में अपने बच्चे का प्रवेश करवाने के लिए आया था प्रवेश सूची में बच्चे का नाम भी है आज जब प्राइवेट स्कूल से टीसी लाए तो प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं प्राचार्य बोल रहे है कि प्राइवेट स्कूल के संचालकों से दबाव दिया जा रहा है।

**धनेन्द्र पटले अभिभावक**

मेरे बच्चे का नाम सांदीपनि स्कूल की प्रवेश प्रक्रिया चयन सूची में आ गया था। आज जब मैं बच्चे की टीसी लेकर पहुंची तो प्राचार्य ने प्रवेश देने से मना कर दिया। प्राइवेट स्कूलों का दबाव है ऐसे बता रहे है।

**पूजा जुम्हारे अभिभावक**

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के अनुसार ही विद्यार्थियों का प्रवेश लिया जा रहा है। सरकारी स्कूल के बच्चों को ही पहली प्राथमिक में प्रवेश दिया जाना है।

**शैलेन्द्र गुप्ता प्राचार्य**

बच्चों को प्रवेश क्यों नहीं दिया जा रहा है पता लगाता हूं दूरी के हिसाब से ही प्रवेश प्रक्रिया तय की गई है।

**अश्विनी उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी**

## 208 कोबरा बटालियन व अन्य अधिकारियों और कार्मिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

208 कोबरा बटालियन द्वारा 06 अप्रैल 2010 को जिला दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) के जंगलो में माओवादियों के विरुद्ध अभियान के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जावानों की याद में श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी 208 कोबरा के साथ अन्य अधिकारीयों और कार्मिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 06 अप्रैल 2010 को जिला दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) के जंगलो में माओवादियों के विरुद्ध अभियान के दौरान 62 वाहिनी के0 री० पु० बल के जवानों पर माओवादियों द्वारा घात लगाकर कायराना तरीके से किये गये हमले का बहादुरी से सामना किया। जवानों ने अपनी अपने प्राणों की परवाह किये बिना माओवादियों का बहादुरी के साथ मुकाबला किया तथा माओवादियों पर घातक प्रहार किया। जिससे माओवादी पीछे हटने पर मजबूर हुए इस कारवाई के दोरान माओवादियों का सामना करते हुए के०री०पु० बल के 76 जवान विरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके द्वारा मुठभेड में दिखाये गए अदम्य साहस एव सर्वोच्च बलिदान हमारे लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। उनके इस अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान को हमारा देश एवं के०री०पु०बल हमेशा याद रखेगा।

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत नरोड़ी की सरपंच रेखा कैलाश राणा, पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता पटले, उपाध्यक्ष गणेशा बिसेन, सदस्य सुरेखा कटरे, शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक रूपसिंह उईके द्वारा कक्षा 6 वीं में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।



तत्पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव की अध्यक्षता एवं सरपंच रेखा कैलाश राणा के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शाला प्रमुख सविता रिनायत एवं शिक्षक रूपसिंह उईके द्वारा अध्यक्ष और विशेष अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों के हस्ते उपस्थित छात्र छात्राएं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सरपंच शारदा प्रसाद शिव ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नियमित स्कूल आने और शासकीय शाला में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। अंत में शाला प्रमुख सविता रिनायत द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाला शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने विद्यालय की उपलब्धि से अवगत कराते हुए शासकीय शाला में प्रवेश लेने एवं शासकीय शालाओं में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चो को विशेष भोज कराया गया। इस प्रकार विशेष साज सज्जा के साथ शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल

**बालाघाट।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) एवं जल जीवन मिशन की बैठक 08 अप्रैल प्रातः 11 बजे कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत से समीक्षा की जाएगी।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक सम्पन्न

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा गुरुनानक धर्मशाला बस स्टैंड के पास वारासिवनी में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वारासिवनी, लालबर्रा, रामपायली और खैरलांजी क्षेत्र के सभी सम्माननीय पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स उपस्थित हुए। बैठक में आई डी पटले प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वारा एसोसिएशन द्वारा किए गए प्रयास एवं कार्यवाही से अवगत कराया गया। उसके बाद अंशदायी कैशलेश स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू होने पर अनुबंधित मेड सेव कंपनी द्वारा जारी किए गए कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कम्पनी द्वारा स्वास्थ मंत्र ऐप के सम्बन्ध में जानकारी मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसियेशन बालाघाट अध्यक्ष के एल गौतम द्वारा दी गई। बैठक को यशवंतराव पिपलेवार, आर के शर्मा, माणिकचंद ठाकरे द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य बसंत दुबे द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती सरिता गुप्ता जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए विवाह से जुड़ी सेवाएं देने वालों से अपील

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

आगामी 20 अप्रैल को ''अक्षय तृतीया'' के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से विवाह से संबंधित सभी सेवा प्रदाताओं से विशेष अपील की गई है।

बालाघाट जिले के विवाह से जुड़ी सभी सेवाएं देने वाले पंडित, धर्मगुरु, होटल, केटरर, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, ब्युटी पार्लर, घोड़ी-बग्गी संचालक, मैरिज गार्डन मालिक, छायाकार, स्टूडियो संचालक एवं अन्य आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे विवाह से पूर्व बालक-बालिका की आयु का सत्यापन अवश्य करें। यदि उनकी बाल विवाह में किसी भी तरह की सहभागिता पायी जायेगी तो उनके विरूद्ध भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह न केवल कानूनन वर्जित हैं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें।

साथ ही, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर किसी भी व्यक्ति द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2016 के तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक एवं थाने में शिकायत की जा सकती है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह सूचना वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, विद्यालय प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा थाना प्रभारी को दी जा सकती है।

### समाधान योजना में बालाघाट जिला प्रदेश में अव्वल

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना के तहत बालाघाट जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में निर्धारित 53,007 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 42,667 हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 81 प्रतिशत है। यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बताई जा रही है। इस सफलता पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार मेरावी ने सभी लाभान्वित उपभोक्ताओं एवं योजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। श्री मेरावी ने बताया कि शेष पात्र हितग्राहियों को ध्यान में रखते हुए योजना की अवधि अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें।

## एफ.एल.एन. कार्यक्रम में लापरवाही पर सख्ती, 8 शिक्षकों को नोटिस – वेतन कटौती प्रस्तावित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर अनुविभाग अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कम्पाउंडरटोला में निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। दिनांक 06 अप्रैल 2026 को एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एफ.एल.एन. (Foundational Literacy and Numeracy) कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं हैं। पूर्व में आयोजित टी.एल. बैठक में दिए गए निर्देशों के बावजूद अंग्रेजी, गणित एवं हिन्दी विषयों में कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही थीं। आश्चर्यजनक रूप से उपस्थित शिक्षकों को इन निर्देशों की जानकारी तक नहीं थी, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई। इसके अलावा निरीक्षण के समय विद्यार्थी भोजन अवकाश समाप्त होने के एक घंटे बाद भी विद्यालय परिसर में खेलते पाए गए, जबकि शिक्षक आपस में बातचीत में व्यस्त थे। यह स्थिति विद्यालय में अनुशासनहीनता को दर्शाती है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बैहर ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं बी.आर.सी. बैहर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, शाला के 8 शिक्षकों को शैक्षणिक दायित्वों के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में अलग-अलग कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। संबंधित शिक्षकों के दिनांक 06 अप्रैल 2026 के वेतन कटौती का प्रस्ताव भी किया गया है।

एसडीएम श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एफ.एल.एन. कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बोरीखेड़ा लघु जलाशय की पार पर पिचिंग व रेनकट सुधार कार्य शुरू

**बालाघाट।** जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बोरीखेड़ा लघु जलाशय की पार पर पिचिंग एवं रेनकट्स के सुधार का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य से जलाशय की संरचना को मजबूती मिलने के साथ-साथ वर्षा जल के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। वैनगंगा संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जलाशय की पार पर पिचिंग कार्य के माध्यम से मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है, जिससे जलाशय की दीर्घायु बढ़ेगी। वहीं रेनकट्स (बारिश के पानी से बने गड्ढों/कटाव) के सुधार कार्य से पार को सुरक्षित किया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मिलकर श्रमदान एवं तकनीकी सहयोग से कार्य को गति दे रहे हैं।

# बालाघाट शहर में ग्रीष्मकालीन मेंटेनेंस कार्य के चलते 8 से 19 अप्रेल तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

### प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

मध्यप्रदेश क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट द्वारा विद्युत लाइनो के मेंटेनेंस कार्यों के चलते 8 अप्रेल से 19 अप्रेल तक शहर के अलग-अलग फीडरो पर निर्धारित समयानुसार बिजली सप्लाई बंद रहेगी। निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

जारी सूचना के अनुसार 8 अप्रेल को बालाघाट शहर के 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन से इंदा नगर, पोलेटेक्निक कालेज, कुमार फर्नीचर, जागपुर रोड, हरिओम नगर, गायखुरी स्कुल, गायखुरी बस्ती, सरदार पटेल कालेज, पटवारी प्रशिक्षण एवं निर्मल नगर फीडर अंतर्गत पवार ले आउट, कावरे गार्डन अवधपूरी प्रभुतम नगर, मोटेस्वारी स्कूल, निर्मल नगर, एच.टी. उपभोक्ता टेलीफोन एक्सचेंज सरस्वती नगर, नर्मदा नमर, जैन बेकरी, एच. टी. उपभोक्ता रिलायंस की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

9 अप्रेल को 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन से निर्मल नगर फीडर अंतर्गत पवार ले आउट, कावरे गार्डन अवधपूरी प्रभुतम नगर मोंटेस्वारी स्कूल, निर्मल नगर एच.टी. उपभोक्ता टेलीफोन एक्सचेंज सरस्वती नगर, नर्मदा नगर, जैन बेकरी. एच.टी. उपभोक्ता रिलायंस की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

10 अप्रेल को 33/11 के.व्ही. मोतीनगर सबस्टेशन से चौधरी आटा चक्की, केविन हॉस्पिटल, मोतीनगर तालाब चौक, जैन हॉस्पिटल, हाउसिंग बोर्ड, माहुले हार्डवेयर गली, केदार प्लाजा, गायत्री मंदिर रोड, हीरो सर्विस सेंटर, प्रेम नगर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, नर्मदा नगर, एच.पी. गैस, बर्फ फेक्टरी, शारदा नगर, परमार उद्योग, सरस्वती नगर, विवेकानंद कालोनी, राधाकृष्ण स्कूल, गुजराती समाज बाडी, स्नेह नगर, वैध लान, गणपति हॉस्पिटल, बब्बू टायर, आरोग्य हास्पिटल, गोंदिया रोड, गुरूनानक पेट्रोल पम्प, रेल्वे फाटक क्षेत्र की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

11 अप्रेल को 132 के.व्ही. सबस्टेशन से बावनथडी कालोनी, शंकरघाट रेजर कालेज, फारेस्ट कालोली, बड-कालोनी, जज कालोनी, वारासिवनी रोड की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी।

13 अप्रेल को 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन से आई.टी.आई., डीमर टोला, लुम्बिनी नगर, सुभास नगर, गंगा नगर, बूढी, समता भवन, बुद्ध विहार, रेनबसेस, एम्.पी.ई.बी.टाउन ऑफिस के पास वाला एरिया पुलिस लाइन एरिया की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।

15 अप्रेल को 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन बूढ़ी से आई.टी. आई, गौरीशंकर नगर, माता मंदिर, आमा तालाब, नेमा कालोनी, नेमा लॉन, भटेरा नाका, आशा निवास, महर्षि स्कुल, भटेरा, दुर्गा मंदिर, दारू भट्टी, सांई लान की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।



16 अप्रेल को 132 के.व्ही. सबस्टेशन से मिल्क डेयरी, पुराना टेलीफोन एक्सचेंज, सिविल लाइन, वाग कालोनी, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, जेल परिसर, पोस्ट ऑफिस, गौली मोहल्ला, डॉ. लिल्हारे, डॉ. शिव पवार, डॉ गाँधी, मटन मार्किट, मस्जिद चौक, पुराना थाना, गुजरी डॉ. शिशिर खरे, सुबराती आरा मशीन, शारदा मंदिर, शास्त्री चौक, फ्रेन्ड्स कालोनी, लहरी नगर सुषमा ले आउट देवटोला, चित्रगुप्त नगर, सुभाष चौक, महावीर चौक, महावीर कालोनी, इतवारी-गंज, भिखरी-मोहल्ला, हनुमान चौक, श्याम मॉल, बूढी चर्चा रोड, डाक्टर कालोनी, शराब भट्टी, रेल्वे-फाटक, भटेरा रोड, शीतल पैलेस, बालाघाट हास्पिटल, गड्डा मोहल्ला की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।

17 अप्रेल को एम.एल.बी.स्कूल, पवार छात्रावास, मिताली हास्पिटल, आयुष्मान हास्पिटल, सोगापथ, लक्ष्मीपथ, डा. महाजन, स्वर्ण इंजीनियरिंग, झूलेलाल धर्मशाला, होटल मल्लिका अर्जुन, होटल मिडटाउन, होटल गुलमोहर, डा. विकाश बिसेन, नया राम मंदिर, एक्सिस बैंक प्रकाश टायर, स्नेह नगर, केशर प्लाजा, आरोग्य हास्पिटल, हनुमान चौक रेलवे स्टेशन रोड, पुराना पंजाब बैंक, धनराज काम्प्लेक्स, बाघरेचा काम्प्लेक्स, गोंदिया रोड, एच.टी. रेल्वे कनेक्शन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

18 अप्रेल को 132/11 के.व्ही. सबस्टेशन से एम.पी.ई.बी. कालोनी, सिन्धी आटा चक्की, दीनदयाल पुरम, विश्वेस्वर्या चौक, पी.एच.ई. आफिस, एल.आई.सी., आम्बेडकर चौक, पुलिस थाना, डी.आई.जी. कार्यालय, जटाशंकर कालेज, नगरपालिका, काली पुतली चौक, बस स्टैंड, दीक्षित बुक डिपो, राज हंस होटल एव बूढी, डाक्टर कालोनी, ट्रायपोड हास्पिटल, भटेरा रोड, शिवमंदिर, बसस्टेंड, भटेरा-स्कुल, बालाघाट-हॉस्पिटल, मटन-मार्केट, गड्डा-मोहल्ला, मोनार्क सिटी की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

तथा 19 अप्रेल को 132/11 सबस्टेशन से आकाशवाणी, न्यू कलेक्टर कार्यालय न्यू जिला पंचायत कार्यालय, न्यू एस.डी.एम कार्यालय, जय स्तम्भ चौक, ट्रामा सेंटर सबस्टेशन एच.टी. उपभोक्ता हास्पिटल एवं आक्सीजन प्लांट ट्रांसफार्मर की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी।

सभी बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध हैं कि सुधार कार्य के दौरान सहयोग की अपील की हैं।